**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**19.01.2025/प्रादेशिक समाचार/10:45 बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, ए.आई.आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम ए.आई.आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

---------------------------------------

**गुड़िया केस**

वर्ष 2017 में घटित हुए गुड़िया दुष्कर्म व हत्या मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई की एक अदालत ने हिमाचल प्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक जहूर हैदर जैदी और सात अन्य पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया है। दोषियों को अदालत द्वारा सजा 27 जनवरी को सुनाई जाएगी। मामले में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शिमला डीडब्ल्यू नेगी को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया। सीबीआई ने जैदी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जिसमें 52 से अधिक गवाहों के बयानों के आधार पर एक मजबूत मामला पेश किया गया था।

---------------------------------------

**मुख्यमंत्री–कांगड़ा दौरा**

कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास के तीसरे दिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 करोड़ की सात विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

---------------------------------------

## पैराग्लाईडर मौत

कुल्लू ज़िला की गड़साघाटी में शुक्रवार को पैराग्लाडिंग करते हुए एक पैराग्लाइडर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक पर्यटक की मृत्यू हो गई जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान तमिलनाडु निवासी जायेश के रूप में हुई है।

उधर धर्मशाला घूमने आई महिला पर्यटक भी पैराग्लाइडिंग के दौरान कल हादसे का शिकार हो गई। महिला पर्यटक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले पर्यटक की मौत हो गई। मृतक महिला पर्यटक की पहचान भावेश्वर खुशी के रूप में हुई है।

---------------------------------------

## सेना दिवस

77वें सेना दिवस के मौके पर शिमला के रिज मैदान में सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा आज रिज मैदान पर रन फॉर फन मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें सेना के जवानों, उनके परिवार के सदस्य के अलावा शहर के आम लोगों व युवाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और देश की रक्षा में सीमाओं पर तैनात जवानों को नमन किया। मैराथन को आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला के जनरल अफसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में हिस्सा ले रही युवतियों ने कहा कि आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला द्वारा मैराथन के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने भी मैराथन में भाग लेकर देश के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि सेना दिवस के मौके पर मैराथन का आयोजन किया गया है जिसमें 600से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया है।

लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा.... जनरल ऑफिसर कमांडिंगइन चीफ सेना प्रशिक्षण कमान शिमला

---------------------------------------

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। जनजातीय जिला किन्नौर और लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात का समाचार है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 22 व 23 जनवरी को अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में वर्षा की संभावना जताई है। प्रदेश के 5 स्थानों का तापमान माइनस में पहुंच गया है। वहीं किन्नौर जिला की ऊंची चोटियों पर हिमपात से जिला एक बार फिर शीतलहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और वर्षा की संभावना जताई है।